संपादकीय

भारत-बांग्लादेश रिश्तों में एक और पेच पड़ने का अंदेशा

मोहम्मद युनूस ने शेख हसीना को प्रत्यर्पित कराने का इरादा जताया है। बांग्लादेश में शेख़ हसीना के हटने के बाद से युनूस की अंतरिम सरकार ने पहले भी कई ऐसे कदम उठाए हैं, जिन्हें भारत के हित में नहीं माना जा सकता।

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (जिनके हाथ में वास्तविक सत्ता है) मोहम्मद युनूस की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को प्रत्यर्पित कराने की ताजा घोषणा से भारत-बांग्लादेश रिश्तों में एक और पेच पडऩे का अंदेशा है। युनूस ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के 100 दिन पूरा होने के मौके पर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि उनकी सरकार भारत से हसीना को वापस भेजने को कहेगी, ताकि जुलाई-अगस्त के छात्र आंदोलन में हुई मौतों के लिए उनकी जवाबदेही तय की जा सके। बांग्लादेश यह मांग औपचारिक रूप से सामने रखता है, तो भारत के लिए एक बड़ा असमंजस पैदा होगा। वैसे भी बांग्लादेश में शेख़ हसीना के हटने के बाद से कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिन्हें भारत के हित में नहीं माना जा सकता।

अभी पिछले हफ्ते ही पाकिस्तान का एक मालवाहक पोत कराची से चल कर बांग्लादेश के दक्षिणपूर्वी तट पर स्थित चटगांव बंदरगाह पर पहुंचा। 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति युद्ध के बाद से दोनों देशों में पहली बार सीधा समुद्री संपर्क हुआ है। इससे पहले दोनों देशों के बीच समुद्री व्यापार सिंगापुर या कोलंबो के ज़रिए होता था। खुद बांग्लादेश ने इस घटना को पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों में महत्त्वपूर्ण क़दम की शुरुआत बताया है। कहा है कि इस रूट पर समुद्री संपर्क बनना दोनों देश के बीच सप्लाई चेन को आसान बनाएगा, परिवहन के समय में कमी आएगी और आपसी व्यवसाय के लिए नए अवसरों के दरवाज़े खुलेंगे।

यह निर्विवाद है कि यह सीधा समुद्री संपर्क पाकिस्तान और बांग्लादेश के राजनयिक रिश्तों में एक ऐतिहासिक बदलाव का संकेत है। इसके पहले खबर आई थी कि दोनों देश एक परमाणु सहयोग समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसके तहत पाकिस्तान परमाणु बिजली संयंत्र लगाने में बांग्लादेश की मदद करेगा। स्पष्टत: युनूस की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान से रिश्तों में गर्माहट लाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। यह घटनाक्रम भारत के लिए चिंता का पहलू है। आम संबंधों के साथ दोनों देशों के उग्रवादी तत्वों के बीच संपर्क बनना भी आसान हो सकता है। लेकिन इस मामले में भारत कुछ कर सकने की स्थिति में नहीं दिखता।

टाटा और जेएसडब्ल्यू ग्रुप ईवी सेक्टर में 30 अरब डॉलर से ज्यादा का करेंगे निवेश

नई दिल्ली

भारत सरकार देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन और सप्लाई चेन के स्थानीयकरण पर जोर दे रही है। सरकार का टारगेट है कि 2030 तक देश में बिकने वाले 30प्रतिशत वाहन इलेक्ट्रिक हों। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि टाटा और जेएसडब्ल्यू ग्रुप अकेले ही आने वाले दशक में इलेक्ट्रिक वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन सामग्री बनाने में 30 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेंगे, जिसमें से लगभग 10 अरब डॉलर दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया (एसएसईए) में होगा।

दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के रूप में भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। विशाल बाजार है जो ईवी से जुड़े निवेश को आकर्षित करता है।

समय के साथ भारत में ईवी अपनाने की प्रक्रिया में तेजी आएगी क्योंकि ऐसे मॉडल लॉन्च किए जाएंगे जो आईसीई मॉडल की कीमतों के अनुरूप होंगे और इसके साथ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में भी सुधार होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा यह भी मानना है कि हाइब्रिड और सीएनजी से चलने वाले वाहन, हल्के वाहन और यात्री वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट में ईवी के साथ-साथ महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी हासिल करेंगे।

सरकार ने हाल ही में पीएम ई-ड्राइव योजना शुरू की है, जिसका वित्तीय परिव्यय दो वर्षों की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये है।

पीएम ई-ड्राइव योजना ईवी अपनाने में तेजी लाने और देश भर में महत्वपूर्ण चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में आईसीई से ट्रांजिशन प्योर इलेक्ट्रिफिकेशन के बजाय दूसरे वैकल्पिक फ्यूल की ओर होगा। आयात और विदेशी निवेश पर सरकार की नीतियां भारत के वाहन इलेक्ट्रिफिकेशन को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

भारत कोरियाई कंपनियों हुंडई मोटर और किआ के लिए लगातार महत्वपूर्ण बना हुआ है। जो संयुक्त रूप से भारत में दूसरे सबसे बड़े कार निर्माता के रूप में अपनी पहचान बनाते हैं। भारतीय बाजार (वर्ष 2023 में) इस समूह की वैश्विक बिक्री मात्रा का 12 प्रतिशत हिस्सेदार था। हुंडई भारत में निवेश की योजना पर काम कर रहा है, जिसमें लोकल ईवी उत्पादन को भी शामिल किया गया है। कंपनी भारत में बना अपना पहला पूरी तरह से इलेक्ट्रिक मॉडल जनवरी 2025 में पेश करेगी।

कंपनी ने हाल ही में भारत में आईपीओ पेश किया है। इससे प्राप्त राशि का एक हिस्सा कंपनी के विकास को आगे बढ़ाने और बाजार में उत्पाद सुधार के लिए किया जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा मानना है कि टाटा मोटर्स के पास अपने क्रेडिट मेट्रिक्स में ईवी निवेश करने के लिए पर्याप्त वित्तीय गुंजाइश है। सितंबर 2024 में, फर्म ने दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में एक नए ईवी प्लांट में लगभग 1 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की।

अदाणी पावर का एसएंडपी ग्लोबल सीएसए स्कोर 67 रहा, दुनिया की शीर्ष ऊर्जा कंपनियों में शामिल

अहमदाबाद

अदाणी पावर ने गुरुवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल द्वारा कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) में 100 में से 67 का असाधारण स्कोर हासिल किया है। इस सेक्टर का औसत स्कोर 42 है। वहीं, अदाणी पावर का वित्त वर्ष 2022-23 में यह स्कोर 48 था। इस स्कोर के साथ अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) सभी वैश्विक विद्युत उपयोगिताओं में शीर्ष 80 प्रतिशत में पहुंच गया है।

कंपनी ने कहा कि सीएसए स्कोर के कई तत्वों जैसे मानवाधिकार, पारदर्शिता और रिपोर्टिंग, जल, अपशिष्ट और प्रदूषण में अदाणी पावर शीर्ष 100 प्रतिशत में है। वहीं, तीन और तत्वों, जिसमें ऊर्जा, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा और सामुदायिक संबंध शामिल है, उसमें कंपनी 90 प्रतिशत या उससे ऊपर की श्रेणी में है।

कंपनी ने कहा, यह उल्लेखनीय उपलब्धि सस्टेनेबल प्रैक्टिस के प्रति एपीएल की दृढ़ प्रतिबद्धता और अपने परिचालन में पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों को शामिल करने के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है।

अदाणी पावर के पास गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में 11 बिजली संयंत्र हैं और इनकी स्थापित ताप विद्युत क्षमता 17,510 मेगावाट की है, इसके अलावा गुजरात में 40 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र भी है।

अदाणी समूह की कंपनी ने इस वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर 2024) में 28,517 करोड़ रुपये की निरंतर आय में 20 प्रतिशत सालाना वृद्धि हासिल की। इस दौरान कर से पहले निरंतर लाभ (पीबीटी) 69 प्रतिशत बढक़र 8,020 करोड़ रुपये रहा है।

वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में कंपनी की निरंतर आय 10.8 प्रतिशत बढक़र 13,465 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, इस दौरान कंपनी का कर से पहले निरंतर लाभ (पीबीटी) 44.8 प्रतिशत बढक़र 3,537 करोड़ रुपये रहा है।

6,6,6,6,6...थम नहीं रहा हार्दिक पांड्या का बल्ला, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में फिर मचाई तबाही

नईदिल्ली

लंबे समय बाद घरेलू क्रिकेट खेल रहे हार्दिक पांड्या अपने बल्ले की धूम से चर्चा में बने हुए हैं. ऐसा कोई गेंदबाज नहीं जो हार्दिक के अटैक के सामने खड़ा हो सके और उन्हें क्रीज पर शांत रख सके. हार्दिक ने लगातार चौथे मचाई में तबाही मचाते हुए अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई है.

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा की तरफ से खेल रहे हार्दिक पांड्या ने त्रिपुरा के खिलाफ हुए मैच में महज 23 गेंद पर 5 छक्के और 3 चौके लगाते हुए 47 रन की धमाकेदार पारी खेली और टीम को 7 विकेट से जीत दिला दी.

हार्दिक पांड्या सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में विस्फोटक फॉर्म में हैं. वे लगातार 4 मैच में दमदार पारियां खेल चुके हैं. वे गुजरात के खिलाफ 35 गेंद में नाबाद 74, उत्तराखंड के खिलाफ 21 गेंद में 41, तमिलनाडु के खिलाफ 30 गेंद में 69 और त्रिपुरा के खिलाफ 23 गेंद में 47 रन बना चुके हैं.

ईएसआईसी से ही मिल सकेगा आयुष्मान भारत योजना का बेनिफिट, सरकार लेने जा रही बड़ा फैसला

नई दिल्ली

केंद्र सरकार कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) और आयुष्मान भारत- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को जोडऩे पर काम कर रही है। इसका उद्देश्य एबी-पीएमजेएवाई मेडिकल केयर बेनिफिट्स को 14.43 करोड़ ईएसआई लाभार्थियों को प्रदान करना है। यह जानकारी श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दी गई।

मंत्रालय ने बताया कि ईएसआईसी केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के मार्गदर्शन में कार्यबल और उनके आश्रितों तक स्वास्थ्य देखभाल पहुंच का विस्तार करने पर काम कर रहा है। मंत्रालय ने कहा, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) को आयुष्मान भारत- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की सुविधाओं से जोडऩे का सीधा फायदा 14.43 करोड़ ईएसआई लाभार्थियों और उनके परिवारों को होगा। इससे वे पूरे भारत में गुणवत्ता पूर्ण मेडिकल सेवाओं का लाभ उठा पाएंगे। ईएसआईसी के महानिदेशक, अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इस स्कीम के शुरू होने के बाद ईएसआईसी लाभार्थियों को देश भर में 30,000 से अधिक एबी-पीएमजेएवाई-सूचीबद्ध अस्पतालों में माध्यमिक और तृतीयक चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। यह लाभ उपचार लागत पर कोई वित्तीय सीमा के बिना प्राप्त किया जा सकता है। आगे कहा कि यह साझेदारी सभी लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामर्थ्य को बढ़ावा देगी। ईएसआई लाभार्थियों के इलाज के लिए देश भर के चैरिटेबल हॉस्पिटल को भी सूचीबद्ध किया जाएगा।

वर्तमान में, ईएसआई योजना 165 हॉस्पिटल, 1,590 डिस्पेंसरी, 105 डिस्पेंसरी कम ब्रांच ऑफिस (डीसीबीओ) और लगभग 2,900 सूचीबद्ध निजी हॉस्पिटलों के तहत चिकित्सा देखभाल प्रदान करती है। पिछले 10 वर्षों में, ईएसआई योजना देश के 788 जिलों में से 687 जिलों में लागू की गई है। 2014 में यह योजना 393 जिलों में थी। मंत्रालय ने कहा, पीएमजेएवाई के साथ ईएसआई योजना को जोडक़र अब चिकित्सा देखभाल की इस व्यवस्था को शेष गैर-कार्यान्वित जिलों तक बढ़ाया जा सकता है।

टिम डेविड आरसीबी में वापसी को लेकर उत्साहित

नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टिम डेविड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में फिर से शामिल होने को लेकर अपना उत्साह साझा किया और टीम के साथ रोमांचक यादें बनाने की उम्मीद जताई।

सिंगापुर में जन्मे और ऑस्ट्रेलिया में पले-बढ़े डेविड को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जेद्दा में आईपीएल 2025 की नीलामी में 3 करोड़ रुपये में साइन किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2021 में आरसीबी के साथ की थी, उसके अगले साल मुंबई इंडियंस में शामिल हुए।

डेविड ने से कहा, मैं इस साल आरसीबी के लिए खेलने को लेकर वाकई उत्साहित हूं। मैंने कुछ दोस्तों से संपर्क किया है, कुछ कोचिंग स्टाफ के साथ पहले काम किया है और जाहिर तौर पर यह वहां का शानदार मैदान है, खासकर पावर हिटर्स के लिए, इसलिए मुझे उम्मीद है कि वहां भी कुछ रोमांचक यादें बनेंगी। 28 वर्षीय इस बड़े हिटर ने अपना करियर 20 ओवर के प्रारूप को समर्पित कर दिया है। उन्होंने एमआई एमिरेट्स, एमआई न्यूयॉर्क, एमआई केप टाउन, होबार्ट हरिकेंस, लाहौर कलंदर्स, पर्थ स्कॉर्चर्स, सदर्न ब्रेव्स, सेंट लूसिया किंग्स और दुनिया भर के अन्य फ्रेंचाइज टूर्नामेंटों में खेला है।

दुनिया भर में फ्रेंचाइज प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, अब बहुत से खिलाड़ी बहुत से फ्रेंचाइज टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने उनमें से बहुत से टूर्नामेंटों में खेला है, और शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप अपने साथियों के साथ कैसे काम करते हैं।

कभी-कभी जब आप किसी नई टीम के साथ खेल रहे होते हैं, तो आपके पास नए साथी, नया कोचिंग स्टाफ, अलग फ्रेंचाइज हो सकते हैं, और फिर जाहिर है कि जिस देश में आप खेल रहे हैं, वह परिस्थितियों को प्रभावित करता है। इसलिए नए देश में रन बनाने का सफल तरीका आजमाने और काम करने में सक्षम होना, वह भी ऐसी ही परिस्थितियों में।

अंतरराष्ट्रीय टी20 फ्रेंचाइज लीग में, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ सबसे ज़्यादा मांग वाले खिलाडिय़ों में से एक है। सबसे छोटे प्रारूप में 254 मैचों में, उन्होंने 159.79 की स्ट्राइक रेट से 4872 रन बनाए हैं।

हो गया तय, आरसीबी का अगले कप्तान होंगे विराट कोहली

नईदिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए जब रिटेंशन लिस्ट जारी की गई. उस समय आरसीबी की लिस्ट में फाफ डु प्लेसिस का नाम नहीं था. ऑक्शन में भी आरसीबी ने फाफ के लिए आरटीएम का इस्तेमाल नहीं किया. साथ ही किसी ऐसे खिलाड़ी को नहीं खरीदा जिसे टीम का अगला कप्तान बनाया जा सके. ऐसे में टीम का अगला लीडर कौन होगा. इसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं जारी हैं. इन चर्चाओं में हाल ही में आए एक बयान ने और गर्माहट ला दी है.

आईपीएल 2025 में आरसीबी की कप्तानी को लेकर टीम के पूर्व खिलाड़ी एबी डीविलयर्स ने बड़ा बयान दिया है. डीविलयर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि, आरसीबी ने ऑक्शन में भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पांड्या और जितेश शर्मा को खरीदा है. इन सभी के पास कप्तानी का अनुभव तो है लेकिन बतौर कप्तान उनकी चर्चा नहीं है. ऐसे में मुझे लगता है कि टीम अगले सीजन में कप्तानी विराट कोहली को ही सौंपेगी. हालांकि इस पर फिलहाल कोई आधिकारिक फैसला नहीं आया है.

विराट कोहली को लेकर कुछ महीने पहले एक खबर आई थी. इसके मुताबिक विराट ने खुद ही एक बार फिर से आरसीबी की कप्तानी की इच्छा मैनेजमेंट से जाहिर की है और मैनेजमेंट उनकी बात को लगभग मान चुका है. शायद इसी वजह से किसी दूसरे कप्तानी के विकल्प वाले खिलाड़ी पर टीम ने बोली नहीं लगाई. चर्चा थी कि केएल राहुल को टीम खरीदेगी और उन्हें अपना अगला कप्तान बना सकती है लेकिन केएल राहुल में टीम ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई और अब वे डीसी से जुड़ चुके हैं.

विराट कोहली 2013 से लेकर 2021 तक आरसीबी की कप्तानी कर चुके हैं. उनकी कप्तानी में टीम ने 2016 का फाइनल खेला था जिसमें टीम को हार का सामना करना पड़ा था. 2021 में भारतीय टीम की कप्तानी छोडऩे के साथ ही उन्होंने आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी थी.

नवजात बच्चे के लिए बेहद जरूरी है धूप

हमारे यहां दादी-नानी के जमाने से ही बच्चों को धूप दिखाने की आदत रही है. नवजात बच्चे के लिए सर्दियों की धूप बेहद फायदेमंद मानी जाती है. गुनगुनी धूप से बच्चे के शरीर को ढेर सारे फायदे मिलते हैं. हालांकि, कई महिलाएं अपने बच्चे को धूप में ले जाने से बचती हैं. उन्हें लगता है कि इससे उनकी तबीयत बिगड़ सकती है. अगर आपको भी ऐसा ही लगता है तो यहां जानिए बच्चे को धूप में ले जाने का सही टाइम, इसके फायदे और साइड इफेक्ट्स...

नवजात बच्चों को सर्दियों में धूप जरूर दिखानी चाहिए. शरीर में धूप लगने से कई तरह के इंफेक्शन और बीमारियां से बच्चे बचते हैं. धूप की गर्मी से शरीर में गर्माहट आती है, जिससे बच्चा एनर्जेटिक बना रहता है. ठंड के मौसम में बच्चे को सुबह 9 से 11 बजे तक धूप में ले जा सकते हैं. उनके लिए 15 से 30 मिनट की धूप काफी है. इससे ज्यादा धूप में बच्चो को न रखें. दोपहर के वक्त बच्चे को धूप में ले जाने से बचें.

नवजात बच्चे के लिए धूप कितना जरूरी

1. हड्डियों को मिलती है मजबूती

नवजात शिशु को थोड़ी देर धूप में ले जाने से उनकी हड्डियां मजबूत बनती हैं. उन्हें अच्छी तरह विटामिन डी मिलता है, जो शरीर में कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है. समय से पहले जन्मे बच्चों में विटामिन डी की कमी होती है, ऐसे में थोड़ी देर धूप उनके लिए अच्छी हो सकती है.

2. बच्चे का दिमाग बढ़ता है

सर्दियों की धूप दिलाने से नवजात बच्चों के दिमाग की ग्रोथ अच्छी तरह होती है. इससे दिमाग में सेरोटोनर्जिक की एक्टिविटी बढ़ती है. सेरोटोनिन हार्मोन मूड को कंट्रोल करने का काम करता है. धूप में बच्चे का सेरोटोनिन सही बना रहता है.

3. जॉन्डिस से बच्चे बचेंगे

बच्चे को धूप में ले जाने से जॉन्डिस यानी पीलिया का खतरा कम हो सकता है. कई अध्ययन में बताया गया है कि धूप बिलूबिन तोडऩे में मदद मिलती है. इससे त्वचा पीली पड़ जाती है. बच्चे को कुछ समय के लिए धूप में ले जाने से इस बीमारी को कम करने में मदद मिलती है. हालांकि अगर बच्चा बीमार है तो डॉक्टर की सलाह पर ही धूप ले जाएं.

सर्दियों में बच्चों को धूप कैसे दिखाएं

1. बच्चे की त्वचा नाजुक होती है, इसलिए ध्यान रखें धूप से उनकी त्वचा लाल न हो.

2. धूप में डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाएं.

3. धूप में ले जाने से पहले बच्चे को कैप बनाएं ताकि उनकी आंखों और चेहरे पर धूप सीधे न पड़े.

4. बच्चे को धूप में ले जाने से पहले उन्हें आरामदायक कपड़े पहनाएं ताकि सीधी धूप से उनकी त्वचा बचे.

5. अगर धूप में तेज हवा चल रही है तो बच्चे को बाहर न लेकर जाएं.

बच्चे के लिए धूप के साइड इफेक्ट्स

1. ज्यादा धूप की वजह से बच्चे में स्किन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं. इसकी वजह से सनबर्न, स्किन इंफेक्शन या स्किन काला पड़ जाने जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

2. ज्यादा धूप से बच्चे को आंखों से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं.

राम चरण की फिल्म गेम चेंजर का नया गाना जाना हैरान सा जारी, कियारा के अप्सरा लुक ने मचाया गदर

अभिनेता राम चरण पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म गेम चेंजर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ बनी है। विनय विद्या राम के बाद यह कियारा और राम चरण के बीच दूसरा सहयोग है।अब निर्माताओं ने गेम चेंजर का नया गाना जाना हैरान सा जारी कर दिया है, जिसे श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है।इस गाने के बोल सरस्वतीपुत्र रामजोगय्या शास्त्री ने लिखे हैं।

जाना हैरान सा गाने में कियारा को अप्सरा के रुप में दिखाया गया है जिसे देखकर फैंस थोड़े हैरान हुए और सोशल मीडिया पर अपने विचार व्यक्त किए. कई लोगों को उनका यह अलग लुक अच्छा लगा वहीं कई लोगों को यह पसंद नहीं आया. इसीलिए सोशल मीडिया पर कियारा के इस लुक को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है. हालांक गाना आज रिलीज होने वाला है जिसके बाद दर्शकों का रिएक्शन देखना दिलचस्प होगा. तब तक फैंस इस बात पर बहस कर रहे हैं कि क्या कियारा आडवाणी का लुक सच में अजीब है या उनको इस अलग अवतार में देखकर सब चौंक गए हैं.

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप किसी की मदद करेंगे जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी।

वृष- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आज आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जायेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे, जिन्हें आपको चूकना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

कर्क- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होंगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, तारीफ मिलेगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। आज बिजनेस में वर्तमान व्यवस्था को उचित बनाए रखने में आपका समय बीतेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जायेगा, आप काम करने के नए टारगेट बनायेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जायेंगे जहाँ आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों का प्रिय बनायेगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में किसी से आपकी बहस हो सकती है। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा हो जायेगा। आज सोसाइटी से संबंधित किसी विवाद में आपका प्रस्ताव निर्णायक साबित होगा। आज स्टूडेंट्स का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरुआत होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का हल निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। आप अपने दोस्तों के विद्यार्थी आज काम और पढाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आज आपके माता-पिता की नाराजगी आपसे खत्म होगी। डाइबिटीज की समस्या से आज कुछ हद तक आराम मिलेगा।

शब्द सामर्थ्य- 251

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 250 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष्म	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

सू-दोकू- 251

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.250 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2